कार्यालयः प्रमुख वन संरक्षक, (HoFF) उत्तराखण्ड।

85, राजपुर रोड़, देहरादून 248001, फोन न0 01352740926

Email:pccfvanpanchayat@gmail.com

पत्रांक-5-181 / 1-4 (2) दिनांक 10-8-.2021

सेवा में,

1. समस्त वन संरक्षक/निदेशक,
   उत्तराखण्ड।
2. समस्त प्रभागीय वनाधिकारी/उपनिदेशक,
   उत्तराखण्ड।

विषयः– **वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के मूल्यांकन के समय वन पंचायत के कार्यों को संज्ञान में लाया जाना।**

महोदय,

उत्तराखण्ड के वन प्रबन्धन में वन पंचायत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा वन प्रबन्धन में सबसे पुराना जनसहभागिता का संस्थान है। वन पंचायतों के बेहतर प्रबन्धन हेतु वन विभाग की उचित योगदान अत्यन्त ही आवश्यक है, इसको सुनिश्चित करने हेतु वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के मूल्यांकन के समय वन पंचायत के लिए किये गये कार्यो की उपलब्धि को संज्ञान में लेना आवश्यक है।

उक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है, कि समूह 'क', 'ख' एवं 'ग' श्रेणी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के समय वन पंचायत के कार्यो का प्रतिवेदक, समीक्षक एवम् स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा मूल्यांकन किया जायेगा। प्रविष्टि अंकित करने के लिए आवश्यक कार्य बिन्दु प्रमुख वन संरक्षक, वन पंचायत, उत्तराखण्ड, जारी करेंगे।

भवदीय,

5/8/21

(राजीव भरतरी)
प्रमुख वन संरक्षक,(HoFF)
उत्तराखण्ड देहरादून।

संख्या-5-181/1-4(2)तददिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख वन संरक्षक, वन पंचायत/वन्यजीव, उत्तराखण्ड।
2. मुख्य वन संरक्षक, कुमांऊ, गढ़वाल, वन पंचायत एवं वन्यजीव उत्तराखण्ड।

5/8/21

प्रमुख वन संरक्षक,(HoFF)
उत्तराखण्ड देहरादून।